दिन–गुरूवार दिनांक– 12 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए कैशलेस इलाज की योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने यह बात कही। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री गडकरी ने सदस्यों से दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए हर जिले में दुर्घटना निवारण समिति गठित करने का अनुरोध किया।

——————————————————————

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में घरेलू पर्यटकों की संख्या वर्ष दो हजार तेईस में पंचानवे प्रतिशत से अधिक बढ़कर ढाई सौ करोड़ पहुंच गई है। श्री शेखावत आज नई दिल्ली में पर्यटन क्षेत्र में पहल और विकास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में वैश्विक यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में भारत की रैंकिंग पैंसठ से बढ़कर उनतालीसवें स्थान पर पहुंच गई है। श्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में दो हजार बाईस से दो हजार तेईस के बीच सात करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं।

——————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी में छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ की जा रही है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

——————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने आज वीडियो कॉल के जरिए कई सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए कक्षा

में चल रही पढ़ाई, छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति तथा साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव प्रतिदिन वीडियो कॉल के माध्यम से राज्य के दस विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना से एक सौ नौ औषधि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये औषधि वाहन सभी जिला मुख्यालयों से प्रखंड और पंचायत स्तर तक के स्वास्थ्य केन्द्रों तक दवा पहुंचायेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में लगातार ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज कैमूर और रोहतास जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी हुयी है। सुबह के समय राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले में अगले दो दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा में फर्जीवाड़े के मुख्य आरोपी रविभूषण को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही जांच एजेंसी ने उसके पांच और सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग की टीम ने डेढ़ सौ कार्टन शराब बरामद की है। बरामद शराब का बाजार मूल्य पंद्रह लाख रूपये बताया जाता है। वहीं, अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सौ अस्सी लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र के कड़ामा पेट्रोल पम्प के पास अपराधियों ने एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। ठेकेदार को अपराधियों ने छह गोलीमारी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।